मण्डल/विद्युत कंपनी द्वारा वर्ष 2008–09 में की गई कर्मचारी कल्याणकारी गतिविधि

परिवेदना प्रकोष्ठ

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कम्पनियों में कार्यरत् कर्मचारियों/अधिकारियों की विद्युत कंपनी से संबंधित व्यक्तिगत समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु केन्द्रीय परिवेदना प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसका संचालन इसी कार्यालय से किया जाता है। प्रकोष्ठ द्वारा सुपरसेशन, स्थायीकरण, उच्च वेतनमान, पेंशन तथा पेंशन पर राहत, पदोन्नति जैसे व्यक्तिगत समस्याओं एवं विद्युत कंपनी द्वारा देय सुविधाओं अथवा लाभ प्राप्त नहीं होने आदि प्रकरणों से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों की समस्या का नियमानुसार निराकरण किया जाता है एवं आवेदक को सूचित किया जाता है।

...